समाचार

# वर्षा जल के संचय व आमजन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने गंभीर है राज्य सरकार–मुख्यमंत्री

## (मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी का हुआ प्रसारण, निगम क्षेत्र के 07 स्थानों पर की गई थी लोकवाणी सुनने की व्यवस्था, जनप्रतिनिधियों, नागरिकों एवं अधिकारी कर्मचारियों ने किया लोकवाणी का श्रवण)



कोरबा 10 नवम्बर 2019 –प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने लोकवाणी कार्यक्रम के दौरान आज कहा कि नगरीय क्षेत्रों में वर्षा जल के संचयन तथा आमनागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु राज्य सरकार पूरी तरह से गंभीर है तथा इस दिशा में अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होने कहा कि भूजल स्तर का लगातार नीचे गिरना चिंता का विषय है, अतः आवश्यक है कि हम ऐसा कार्य करें कि वर्षा का जल अधिक से अधिक मात्रा में जमीन के अंदर पहुंचे तथा भूजल स्तर ऊपर आएं।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियोवार्ता कार्यक्रम '' लोकवाणी '' का चौथा प्रसारण आज किया गया। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के 07 स्थानों में '' लोकवाणी '' सुनने की व्यवस्था निगम द्वारा की गई थी, विभिन्न स्थानों पर आयोजित लोकवाणी कार्यक्रम में सभापति धुरपाल सिंह कंवर, अपर आयुक्त अशोक शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, पार्षद मनहरण लाल राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व निगम के अधिकारी कर्मचारियों तथा आमनागरिकों ने लोकवाणी का श्रवण किया। '' नया विकास का नया दौर '' विषय पर आयोजित लोकवाणी कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री बघेल ने प्रदेश के लोगों के सवालों के जवाब दिए एवं नगरीय क्षेत्र में शासन द्वारा किए जा रहे विकास कार्यो व जनकल्याणकारी लोकहितैषी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होने कहा कि हमारे शहरों में सही सोच व सुनियोजित योजना के बिना सीमेंट कांक्रीट के जंगल के रूप में विकास कार्य किए गए, परिणाम स्वरूप शहरों के अधिकांश हिस्से इतने ठोस हो गए कि बरसात का पानी जमीन के अंदर नहीं जा पाता और इसका दुष्प्रभाव यह हुआ कि भूजल स्तर दिन प्रतिदिन नीचे गिरता गया। उन्होने कहा कि भूजल स्तर बढ़ाने हेतु राज्य सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है तथा नियमों में संशोधन कर अब प्रत्येक आवासीय वाणिज्यिक व औद्योगिक परिसर में रैनवाटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य कर दिया गया है, उन्होने कहा कि नए भवनों में अब बिजली का कनेक्शन तभी दिया जाएगा जब वहां पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित होगा। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि आमजन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु राज्य सरकार मिनीमाता अमृतधारा योजना, राजीव गांधी पेयजल योजना, मुख्यमंत्री पेयजल योजना, समूह पेयजल योजना आदि योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं, शासन द्वारा नरवा से लेकर नदिया तक एवं कुएं से लेकर तालाब तक सभी जल स्त्रोतों को चिंता की गई है तथा इनके जीर्णोद्धार, साफ–सफाई व संरक्षण के लिए योजना बनाई गई है।

**शासन प्रशासन लोगों के घर तक पहुंचे**– मुख्यमंत्री श्री बघेल ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि शासन प्रशासन खुद चलकर लोगों के घर तक पहुंचे, उनकी बस्ती, मोहल्ले में ही उनकी समस्याएं सुलझाएं,

स्वास्थ्य सुविधाएं दें, चिकित्सा करें, इस हेतु अनेक योजनाएं शासन द्वारा चलाई गई हैं, मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय योजना, मुख्यमंत्री हाटबाजार क्लीनिक योजना, मुख्यमंत्री शहर ी स्लम स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान जैसी अनेक योजनाएं संचालित हो रही हैं, जिनका प्रत्यक्ष व त्वरित लाभ लोगों को मिल रहा है।

**11 माह में 40000 मकान बने**– मुख्यमंत्री श्री बघेल ने शहरी आवासहीन लोगों को आवास सुविधा उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि मोर जमीन–मोर मकान योजना में पूर्व में केवल 8000 मकान बनाए गए थे, किन्तु हमारी सरकार ने इस दिशा में विशेष ध्यान दिया, परिणाम स्वरूप 11 माह में ही 40000 मकान बनाए जा चुके हैं। उन्होने कहा कि वर्ष 2022 तक सभी आवासहीन व्यक्तियों को आवास मिले, यह राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है।

**की विविध विषयों, योजनाओं पर चर्चा** – लोकवाणी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने पौनी पसारी योजना, शहरों की साफ–सफाई, नगरीय निकायों के राजस्व में वृद्धि, रोजगार के नए अवसर व स्वरोजगार के मौके, बेरोजगारी दर में कमी, दुकान किराए में कमी, शिक्षकों के हित में लिए गए निर्णय, हर हाथ को क्षमता अनुसार काम, मिट्टी के दियों को बढ़ावा, राज्य स्थापना दिवस के आयोजन व उपलब्धियां, राज्य गीत, छत्तीसगढ़ के स्थानीय कलाकारों के सम्मान जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों, योजनाओं व शासन की उपलब्धियों पर चर्चा की।